### एक नजर में

## ग्राम चितोड़ा में महिला ने जहर खाकर दी जान

इंदौर. सांवेर रोड पर स्थित ग्राम चितोड़ा में गुरुवार को 32 वर्षीय महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया. उपचार के दौरान एमवाय अस्पताल में उसकी मौत हो गई. घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन पुलिस को आशंका है कि पति-पत्नी के बीच विवाद के चलते महिला ने यह कदम उठाया होगा. मामले की सच्चाई जांच के बाद सामने आएगी. मृतका शिवानी, पति आकाश देवड़ा के साथ रहती थी. गुरुवार दोपहर उसकी तबीयत अचानक बिगड़ी तो आकाश ने कारण पूछा और नजदीकी अस्पताल ले गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया. वहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया, महिला के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. आकाश ने पुलिस को बताया कि दोपहर में शिवानी मवेशियों को चारा डालकर लौटी थी और खाना बनाने की तैयारी कर रही थी, इसी दौरान उसने जहर खा लिया. घटना के समय घर में दंपति के तीनों बच्चे मौजूद थे.

## तीन घरों के से लाखों का माल उड़ाया

इंदौर. शहर में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. बीते दिनों में अलग-अलग इलाकों में हुई चोरी की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है. ताज़ा मामलों में एरोड्रम, बाणगंगा और हातोद थाना क्षेत्रों में अज्ञात बदमाशों ने घरों के ताले और खिड़कियां तोड़कर लाखों रुपए के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया. एरोड्रम थाना क्षेत्र के वेंकटेश विहार कॉलोनी में बदमाश 7 अगस्त की दोपहर 3 से 4 बजे के बीच एक मकान का ताला तोड़कर भीतर घुसे और अलमारी में रखी एक सोने की अंगूठी, चांदी की थाली, चांदी का गिलास, पूजा के सिक्के और 5 हजार रुपए नकद चुरा ले गए. बाणगंगा थाना क्षेत्र के नरवल कांकर स्थित एक मकान में 6 अगस्त की सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे के बीच अज्ञात चोर ताला तोड़कर दाखिल हुए और घर से कीमती सामान उड़ा ले गए. वहीं, हातोद के लेमन सिटी में 1 अगस्त की देर रात बदमाश पीछे की खिड़की तोड़कर घर में घुसे और पायजेब, कमरबंद, छह बिछिया, दो अंगूठियां समेत करीब 15 हजार रुपए का माल लेकर रफूचक्कर हो गए. तीनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## देखरेख करने आया युवक स्कूटर लेकर फरार

इंदौर. थाना एरोड्रम क्षेत्र में लकवाग्रस्त मरीज की देखरेख के लिए रखे गए युवक ने घर से स्कूटर चुराकर फरार हो गया और मालिक से ऑनलाइन पैसे मांगने लगा. ई-401 लिडस इंकलेव, छोटा बागड़दा रोड निवासी ज्योति गोयल ने 19 जुलाई को अपने पति महेशचंद गोयल की देखभाल के लिए रामेश्वर निवासी ग्राम करेड़ी, थाना खिलचीपुर, जिला राजगढ़ को रखा था. 5 अगस्त की दोपहर रामेश्वर ने हिसाब करने के बाद घर में रखी जुपिटर स्कूटर एमपी 13 ईडब्ल्यू 7625 की चाबी उठाई और वाहन लेकर चला गया. बाद में उसने फोन कर ऑनलाइन पैसे मांगे और देने से इनकार करने पर ज्योति को अश्लील गालियां दीं.

## मुलाकात के बहाने घर बुलाया, फिर मारे पत्थर

इंदौर. सराफा क्षेत्र में गुरुवार रात उस समय सनसनी फैल गई जब दो युवकों पर एक व्यक्ति ने घर की छत से पत्थर बरसाकर जानलेवा हमला कर दिया. बताया जा रहा है कि हमलावर ने पहले युवकों को मिलने के बहाने अपने घर बुलाया और जैसे ही वे पहुंचे, छत से पत्थरों की बौछार कर दी. हमले में भूपेश दवे सहित दो युवक घायल हुए हैं. दोनों थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा चुके हैं. पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि वारदात की वजह पुरानी रंजिश है. फिलहाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हमलावर की तलाश में उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है. थाना प्रभारी सराफा एसएस रघुवंशी ने बताया कि जल्द ही आरोपी को हिरासत में ले लिया जाएगा.



## शासकीय विद्यालय में शिक्षण सामग्री वितरित



देपालपुर. समीपस्थ ग्राम नेवरी स्थित शासकीय विद्यालय में बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई. समाजसेवी योगेंद्र गहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज की सेवा एवं जन सहयोग के उद्देश्य से हम प्रतिवर्ष विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं. इस वर्ष हमने जन शिक्षक मुकेश पवार एवं रमेश जी झालरिया के सहयोग से विद्यालय के बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान की. कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, स्केल आदि आवश्यक सामग्री दी गई, जिससे उनकी पढ़ाई में सहायता मिल सके. शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की और समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया.

## चित्रकल प्रतियोगिता व राखी बनाओ कार्यशाला




महू. ग्राम कोदरिया स्थित विद्यालय श्री एकेडमी में प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता, देश की सेना के लिए पत्र लेखन और राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. राहिणी कॉलेज आफ आर्ट्स के ट्रेनर एवं प्रिंसिपल जैन मैम के द्वारा विद्यार्थियों को राखी बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया. शुभारंभ स्कूल डायरेक्टर डॉ. राजेश पाटीदार एवं प्रशिक्षक द्वारा किया गया. कार्यशाला में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की आकृतियों की राखियों का निर्माण किया, जिसमें उन्होंने तिरंगा राखी, चावल से राखी मौली से राखी, विभिन्न प्रकार के मोतियों ,रुद्राक्ष की राखियों का निर्माण किया. इसके पश्चात पूर्व प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों ने एक दूसरे को रक्षा बंधन के इस पावन पर्व पर रक्षा सूत्र एक दूसरे को बांधे और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की. चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की राखियों के चित्र बनाए. इसी प्रकार पत्र लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राखी का महत्व बताते हुए देश की सेना के जवानों को पत्र लिखे ।सभी कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. हेमलता पाटीदार के निर्देशन में शिक्षक ललतेश बैरागी ,सुदर्शन पाटीदार ने आयोजित संचालित किए. प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा.

## विद्युत समस्याओं के लिए अधिकारियों से चर्चा की

महू. शहर व अंचल में इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी से जुड़ी अनेक समस्याओं को लेकर विद्युत उपभोक्ताओं में मंडल के प्रति नाराजगी है. इसे लेकर महू पत्रकार संघ ने शुक्रवार दोपहर विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन यंत्री श्री धाकड़ के आफिस में बिजली अधिकारियों से मुलाकात की तथा उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया. बेहद सकारात्मक माहौल में हुई चर्चा में महू के अधिकारी श्री कुमार, श्री रघुवंशी व श्री गुप्ता ने बताया कि स्मार्ट मीटर का अपना सिस्टम हैं, खपत आधारित बिजली बिल तैयार कर उसे भुगतान और अंतिम देय तिथि के लिए प्रेषित करना, पूर्व के मुकाबले बिलिंग के 15 दिनों के मुकाबले 10 दिनों में ही भुगतान की अंतिम तिथि को लेकर मुख्यालय को अवगत करा दिया गया है. बकाया राशि नहीं भरने पर विद्युत कनेक्शन विच्छेद के बाद अतिरिक्त राशि 340 रुपए को लेकर भी उच्च अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है. स्मार्ट मीटर /सामान्य मीटर इस दौरान स्मार्ट मीटर और सामान्य मीटर और बिजली बिलों में अंतर के सवाल पर विद्युत अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि यह महज भ्रांति है,

# पॉप-अप पर क्लिक करते ही डॉक्टर के क्रेडिट कार्ड से उड़ गए हजारों रुपए

- मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर हुए साइबर ठगी का शिकार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** अष्टांग आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर साइबर ठगी का शिकार हो गए. उन्होंने न तो ओटीपी साझा किया और न ही बैंक संबंधी कोई जानकारी दी, फिर भी केवल एक पॉप-अप लिंक पर क्लिक करते ही उनके खाते से बड़ी राशि निकल गई.साइबर ठगी के मामले में यह एक अनोखा मामला बताया जा रहा है.

शहर के अष्टांग आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में पदस्थ एक वरिष्ठ प्रोफेसर के साथ हाईटेक ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है. डॉक्टर ने किसी अनजान कॉल या व्यक्ति से कोई संपर्क नहीं किया, न ही बैंक से जुड़ी कोई गोपनीय जानकारी साझा की, बावजूद इसके उनके क्रेडिट कार्ड से हजारों रुपये की रकम निकाल ली गई. प्रोफेसर ने पुलिस को बताया कि वे मोबाइल पर एक वेबसाइट देख रहे थे, तभी स्क्रीन पर एक संदिग्ध पॉप-अप आया जिसमें ओके और क्लोज जैसे विकल्प थे. उन्होंने जैसे ही 'ओके' पर क्लिक किया, तत्काल उनके क्रेडिट कार्ड से ट्रांजेक्शन हो गया.

पीड़ित ने घटना की जानकारी बैंक को देने के साथ ही साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई. शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह मामला ब्राउज़र या मोबाइल सिस्टम में मालवेयर के ज़रिए रिमोट एक्सेस हासिल कर ठगी करने का हो सकता है.

### नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे



इस मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक शर्मा ने बताया कि यह एक बेहद संवेदनशील और तकनीकी रूप से एडवांस्ड साइबर फ्रॉड है. पीड़ित द्वारा कोई क्रेडेंशियल या ओटीपी साझा नहीं किया गया, फिर भी सिर्फ एक पॉप-अप पर क्लिक करने भर से फ्रॉड हो गया. इससे स्पष्ट है कि साइबर ठग अब नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं. हमने जांच टीम गठित कर दी है और पीड़ित के डिवाइस व बैंकिंग डिटेल्स की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है. आमजन से अपील है कि किसी भी संदिग्ध लिंक या पॉप-अप पर क्लिक करने से बचें. फिलहाल साइबर सेल इस फ्रॉड के पीछे के तकनीकी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है. आम नागरिकों को इस तरह के साइबर खतरे से सचेत रहने की सलाह दी गई है.

# जीआरपी पुलिस ने किया अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

- यात्रियों के बैग से की थी 17 लाख की ज्वेलरी चोरी
- दो आरोपी यूपी से गिरफ्तार, तीन लाख के आभूषण बरामद




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. जीआरपी थाना ब्यावरा ने ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों के बैग से सुनियोजित तरीके से कीमती आभूषण चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है. उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों के पास से करीब तीन लाख रुपए मूल्य के सोने के आभूषण बरामद किए हैं.**

पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर संतोष कोरी ने बताया कि इस गिरोह ने बीना-नागदा पैसेंजर ट्रेन में सफर कर रहे एक परिवार के ट्रॉली बैग से करीब 17 लाख 70 हजार रुपए के पुराने सोने के जेवरात चोरी कर लिए थे. गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश अभी जारी है. घटना 19 मई 2025 की है, फरियादी अपनी पत्नी और बच्चे के साथ ट्रेन बीना-नागदा पैसेंजर से राघौगढ़ से उज्जैन जा रहे थे. उन्होंने दो ट्रॉली बैग जनरल कोच की ऊपर वाली सीट पर रखे थे. एक बैग में पुराने सोने के जेवर रखे हुए थे. यात्रा के दौरान कुंभराज और शाजापुर के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रॉली बैग की चेन काटकर जेवर पार कर दिए. तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर सूचना के आधार पर टीम ने उत्तर प्रदेश से दो आरोपियों 32 वर्षीय अशरफ पिता शहजाद अली उत्तर प्रदेश निवासी ग्राम पुरनपुर मिलक, थाना धामपुर, जिला बिजनौर के साथ 39 वर्षीय सफीक पिता सब्बीर अहमद निवासी उत्तर प्रदेश ग्राम गोपालपुर नत्थानगला उर्फ कोकरपुर, थाना छजलेट, जिला मुरादाबाद को दबोच लिया. पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से सोने का हार 2,70,000, सोने की अंगूठी 30,000 भी जब्त की है.

### ऐसे करते थे वारदात

दोनों आरोपी ट्रेन के जनरल कोच में सामान्य यात्री बनकर चढ़ते थे. सफर के दौरान वे ऐसे यात्रियों की टोह में रहते, जो ऊपर की सीट पर बैग रखते हैं. मौका मिलते ही पेपर या कपड़े की आड़ में बैग की चेन काटते और जेवर निकाल लेते. खास बात यह कि वे बैग को दोबारा वैसा ही बंद कर देते, जिससे चोरी का तुरंत पता न चल सके. जीआरपी ने शेष चोरी गए जेवर और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश तेज कर दी है. पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आने की उम्मीद है.

# ड्यूटी से लौटे बस ड्राइवर ने फांसी लगाई

## कमरे से मोबाइल और डायरी जब्त

**इंदौर. भंवरकुंआ थाना क्षेत्र के पालदा में एक निजी कॉलेज की स्कूल बस चलाने वाले युवक ने घर लौटने के कुछ समय बाद फांसी लगाकर जान दे दी. घटना के समय उसका छोटा भाई भी कमरे में मौजूद था, पोस्टमार्ट रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस मामले में जांच कर रही है.**



युवक सतवास का रहने वाला था और इंदौर में किराए के कमरे में छोटे भाई के साथ रहता था. ड्यूटी से लौटने के बाद उसने भाई से खाना बनाने को कहा और कुछ देर बाद खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगा ली. घटना का कारण स्पष्ट नहीं है. युवक एपीजे अब्दुल कलाम कॉलेज की बस चलाता था, उसकी शादी नहीं हुई थी. छोटा भाई इंदौर में निजी कंपनी में काम करता है, जबकि पिता गांव में किसान हैं. पुलिस ने कमरे से उसका मोबाइल फोन और एक डायरी जब्त कर जांच शुरू कर दी है. शव का जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया, जिसके बाद परिजन उसे सतवास ले गए.

# एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर किए गिरफ्तार

- एक लाख से ज्यादा का माल जब्त

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नशे के कारोबार पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को एमडी ड्रग्स और बाइक के साथ गिरफ्तार किया है. पकड़ी गई ड्रग्स की कीमत 1.15 लाख रुपए बताई जा रही है. पुलिस अब दोनों से ड्रग्स नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है.**





डीसीपी हंसराज सिंह, एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह तथा एसीपी कुंदन मंडलोई के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने एक टीम बनाकर खजराना क्षेत्र में ड्रग्स की तस्करी रोकने के लिए निगरानी शुरू की. इसी दौरान टीम ने लाभ गंगा गार्डन के पीछे सर्विस रोड पर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर दबिश दी. वहां बाइक के पास खड़े दो युवकों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया. तलाशी में आरोपियों के पास से 12.7 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स कीमत 1,30,000 रुपए बरामद की. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 24 वर्षीय आमीन पिता कय्यूम खान निवासी सम्राट नगर, जो अटाले का काम करता है, और 29 वर्षीय गोलू उर्फ सैयद युसुफ पिता नवाब अली निवासी अशर्फी कॉलोनी, जो मोबाइल की दुकान चलाता है,

### नशे के हैं आदी

पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि वे नशे के आदी हैं और जल्दी पैसा कमाने के लिए सस्ते में ड्रग्स खरीदकर महंगे दामों में बेचते थे. पुलिस ने दोनों के खिलाफ खजराना थाने में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. आरोपियों से पूछताछ जारी है ताकि सप्लाई नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके.

# राखी पर शराब वाली रील से हुआ बवाल

- संतों और हिंदू संगठनों ने दी सख्त चेतावनी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. रक्षाबंधन पर सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक आपत्तिजनक रील को लेकर इंदौर में बवाल मच गया है. रील में बहन को भाई को राखी बांधने के बाद शराब की बोतल देते दिखाया है. इस मामले पर संत समाज और हिंदू संगठनों ने कड़ा विरोध जताते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.**



रक्षाबंधन पर्व पर सोशल मीडिया पर सामने आई एक रील ने विवाद खड़ा कर दिया है. वीडियो में एक युवती पूजा की थाली में शराब की बोतल रखकर भाई की आरती उतारती, राखी बांधती और बाद में शराब पिलाती नजर आ रही है. हिंदू संगठनों ने इसे त्योहार का अपमान बताया और चेतावनी दी कि संस्कृति के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. महामंडलेश्वर राम गोपालदास महाराज ने रील को सनातन विरोधी साजिश बताते हुए कहा कि हिंदू बहन-बेटियां केवल हिंदू भाइयों को ही राखी बांधें. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मौलवी देश-विदेश से फंडिंग लेकर हिंदू त्यौहारों को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं. सरकार को ऐसे लोगों को चिन्हित कर सोशल मीडिया और बैंक खातों पर नजर रखनी चाहिए, ताकि उन्हें दंड मिल सके. महामंडलेश्वर ने कहा कि पूजा की थाली में मदिरा रखकर रील बनाने वालों का समाज से बहिष्कार होना चाहिए. ईद या अन्य पर्व पर इस तरह का मजाक नहीं उड़ाया जाता, लेकिन सनातन पर्वों को निशाना बनाया जा रहा है.

### अल्कराज क्वार्टर फाइनल में संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं

बजरंग दल और हिंदू जागरण मंच ने भी इस रील के विरोध में मोर्चा खोल दिया है. बजरंग दल का कहना है कि भारतीय संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जबकि हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने मांग की है कि ऐसे मामलों में तुरंत एफआईआर दर्ज कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए. पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही इसमें शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कही है.

# घर के पास से गायब हुई मासूम को कुछ घंटों में ढूंढा

### *हीरानगर पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई*

**इंदौर. ऑपरेशन मुस्कान के तहत हीरानगर पुलिस ने घर के बाहर खेलते समय लापता हुई पांच वर्षीय बालिका को महज कुछ घंटों में तलाश कर परिजनों से मिलवा दिया.**

शहर में अपहृत व गुमशुदा बच्चों की तलाश को प्राथमिकता दी जा रही है, जिसके तहत हीरानगर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक पांच वर्षीय बच्ची को कुछ ही घंटों में ढूंढ कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया. घटना बुधवार रात की है, जब इंदौर निवासी प्रमोद परिवर्तित नाम उम्र 29 वर्ष, ने थाने में सूचना दी कि उनकी बेटी गुड़िया परिवर्तित नाम घर के पास खेलते समय अचानक गायब हो गई है और काफी देर बाद भी घर नहीं लौटी. सूचना मिलते ही थाना हीरानगर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल गुमशुदगी दर्ज की और सर्च ऑपरेशन शुरू किया. हीरानगर थाना प्रभारी पप्पूलाल शर्मा ने बताया कि उपनिरीक्षक शिवराज सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने बच्ची की तलाश के लिए इलाके के संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी. साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए और आसपास के लोगों से पूछताछ की गई. पुलिस की लगातार कोशिशों के चलते कुछ ही घंटों में बच्ची को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया.

# ट्रेन यात्रा के दौरान युवती रहस्यमय हालात में लापता

### *उमरिया स्टेशन पर मिला बैग*

इंदौर. शहर से कटनी जा रही एक 29 वर्षीय एक युवती नर्मदा एक्सप्रेस में सफर के दौरान रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई. इंदौर से रवाना होकर वह भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन तक ट्रेन में देखी गई, लेकिन इसके बाद कोच में नजर नहीं आई. यात्रा के दौरान परिवार से उसकी आखिरी बातचीत सुबह 10.15 बजे हुई थी, जब ट्रेन भोपाल के आसपास थी. इसके बाद से उसका मोबाइल फोन बंद हो गया. कटनी स्टेशन पर इंतजार कर रहे परिजन ने उमरिया में रिश्तेदारों को सूचना दी. वहां ट्रेन से युवती का बैग तो मिला, लेकिन वह खुद नदारद थी. मामले में पुलिस युवती की तलाश कर रही है.



परिजनों ने पुलिस को बताया कि युवती कटनी की मूल निवासी है और इन दिनों इंदौर में रहकर सिविल जज की तैयारी के साथ वकालत कर रही थी. ट्रेन के अन्य यात्रियों ने उसे भोपाल तक कोच में देखा था, लेकिन उसके बाद कोई सुराग नहीं मिला. मामले में जीआरपी ने युवती के मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन बंद होने से सफलता नहीं मिली. अब तक कोई सीसीटीवी फुटेज भी हाथ नहीं लगा है, जिससे यह पता चले कि वह कहां उतरी.

**समस्या** ▶ मामला वार्ड 84 के 60 फीट रोड स्थित गांधी चौक का

# नलों में नहीं आ रहा पानी, लोग हो रहे परेशान



इंदौर. जन सुविधा देने के बाद नगर निगम दोबारा उस ओर पलट कर नही देखता. रखरखाव के अभाव के चलते लोगों को कई तरह की परेशानियां उठानी पड़ती है. शिकायत करने के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं किया जाता.

फूटी कोठी क्षेत्र में द्वारकापुरी में असुविधा का मामला वार्ड क्रमांक 84 से सामने आया है. जहां साठ फीट रोड से लगा गांधी चौक की पहली गली का है. जहां वर्षों पहले रहवासियों की सुविधा के लिए नर्मदा पानी की लाईन डाली गई थी जिस पर पार्षद से लेकर झोन एवं नगर निगम अधिकारियों ने वाहवाही लूटी थी लेकिन कुछ ही समय बाद लोगों के नलों में पानी नदारद हो गया. क्षेत्र में पानी की किल्लत बढ़ गई. कई महीनों तक लोगों ने इधर-उधर से पानी का बंदोबस्त किया बाद में सरकारी बोरिंग का सहारा मिला जो आज तक बना हुआ है. घरों में लगे नर्मदा के नल तो सूखे पड़े रहते है. अगर क्षेत्र का सरकारी बोरिंग भी ख़राब हो जाए तो क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो जाती है. नर्मदा लाईन की गड़बड़ी की शिकायत कई बार की जा चुकी है लेकिन आज तक किसी भी जिम्मेदारों ने न ही आवेदनों पर ध्यान दिया और न ही इस क्षेत्र में आना उचित समझा. इस लापरवाही को देखते हुए कुछ रहवासियों ने तो नल कनेक्शन ही नहीं लिए. फिर भी नगर निगम को कोई फर्क नहीं पड़ा.

### इनका कहना है...



जब आस-पास के घरों के ही नलों में पानी नहीं आ रहा है तो हम कनेक्शन कैसे लें. अगर लें भी लेते है तो पानी की सुविधा मिले बग़ैर ही बिल भरना पड़ेगा. सुनवाई भी नहीं होती.

**- महेश कुमार जैन**




डेढ़ साल पहले कनेक्शन लिए तब पानी बराबर आता था लेकिन कुछ ही दिनों बाद पानी कम हो गया. जबकि यही लाइन दूसरी जगह भी जा रही है, वहां पानी की सप्लाई ज़्यादा है.

**- मनोज राजानी**



सुबह बीस मिनिट पानी आता है. कैसे पूर्ति होगी. यहां तो कोई मोटर भी नहीं लगाता. लाईन को चेक करना चाहिए. अगर समस्या है तो सुधारना चाहिए ताकि सभी को पानी की सुविधा मिल सके.

**- रामगोपाल प्रजापति**



नर्मदा पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है. अब किसको कहने जाएंय नगर निगम को समय-समय पर पानी की लाइन चेक कर मेंटेनेंस करना चाहिए. हम चाहते हैं कि सबको पानी की सुविधा मिले.

**- जितेंद्र शर्मा**

**बड़ी लाइन जोड़ी जाएगी** -पानी की टंकी पूरी तरह नहीं भर पाती है, जिस कारण कुछ स्थान पर पानी की दिक्कत हो रही है. पानी की पूर्ति के लिए पूरे प्रयास के लिए आगे से पानी की बड़ी लाईन जोड़ी जाएगी, जिस स्थान का आप ने बताया है मैं खुद वहां पहुंच कर समस्या देखूंगी.



**- गुरजीत कौर पार्षद**